सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: coe@suksn.edu.in

अनुस्मारक

सूचना

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 09—01—2026 के बिन्दु सं0—3 के अनुक्रम में चतुर्थ वर्षीय (FYUP) पाठ्यक्रम के मेजर व माइनर की संरचना सम्बन्धी सूचना संख्या 5389/सि0वि0वि0/प0सा0/2026 दिनांक 14—01—2026 द्वारा निर्गत की गई थी। कुछ महाविद्यालयों द्वारा सूचना ना प्राप्त होने के कारण उनके आग्रह पर मेजर व माइनर प्रश्न—पत्रों का प्रारूप पुनः निर्गत किया जा रहा है।

1— सभी **मेजर विषय 2 घण्टे अवधि में 5 प्रश्नों** के हल/उत्तर छात्रों द्वारा दिये जाने हैं, विस्तृत विवरण प्रश्न—पत्र पर अंकित रहेगा।

2— सभी **माइनर एवं को—करिकूलर विषय** बहुविकल्पीय 100 प्रश्न की जगह **75 प्रश्न** के होगें। लिखित का पूर्णांक 75 रहेगा, शेष 25 अंक आन्तरिक का होगा। सूच्य है कि पूर्व में वाणिज्य संकाय के माइनर विषय 2025—26 में वर्णनात्मक हुए थें, जिसे परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 09—01—2026 में पुनः बहुविकल्पीय प्रकृति के आधार पर की गयी संस्तुति के क्रम में **सत्र 2026—27** से **75 अंक के 75 बहुविकल्पीय प्रश्न** पूछे जायेंगे।

कृपया उक्त से अवगत होते हुए सम्बन्धित छात्र—छात्राओं को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक—यथोपरि।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— 5972/प0सा0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 21—11—2026

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष/प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. वित्त अधिकारी/कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी,सि0वि0वि0, क0, सि0नगर।
5. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रभारी परीक्षा/कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक

परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थ नगर–272202 (उ0प्र0) भारत
Siddharth University Kapilvastu,
Siddharth Nagar-272202 (U.P.) India
Email- coe@suksn.edu.in

पत्रांक– 5389 / सि0वि0वि0 / प0सा0 / 2026 दिनांक 14–01–2026

सूचना (महत्त्वपूर्ण)

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति की बैठक **दिनांक 09–01–2026** के बिन्दु सं0– 3 में स्नातक स्तर चतुर्थ वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रश्न–पत्रों की परीक्षा अवधि दो घण्टें के अनुक्रम में मेजर एवं माइनर प्रश्न–पत्रों की संरचना निर्माण हेतु निम्नलिखित संस्तुति प्रदान की गई, जो निम्नवत् है–

क. प्रचलित प्रारूप के अनुसार कुल **पाँच** (05) प्रश्न प्रत्येक प्रश्न पत्र में पूछे जाते हैं, जिनमें से प्रथम प्रश्न अनिवार्य होता है। इसमें **तीन–तीन** (3–3) अंकों की पाँच टिप्पणियों के बजाय परीक्षार्थी से **तीन** (03) ही टिप्पणियाँ लिखवायी जायें तथा उनके अंक **तीन–तीन** (3–3) के बजाय **पाँच–पाँच** (5–5) रखे जायें। शब्द संख्या पूर्ववत् **सौ** (100) ही रखी जाये। इस तरह से यह प्रश्न पूर्ववत् **पन्द्रह** (15) अंकों का ही रहेगा, किन्तु परीक्षार्थियों को **दो** (02) टिप्पणियों के उत्तर कम देने होंगे।साथ ही उन्हें **पाँच** (05) में से किन्ही **तीन** (03) टिप्पणियों के उत्तर लिखने के कारण, विकल्प भी उपलब्ध रहेंगे।

ख. अन्य **चार** (04) प्रश्नों को उनके वर्तमान स्वरूप में ही रखने के साथ उनके उत्तरों की शब्द–संख्या **आठ सौ** (800) के बजाय **छः सौ** (600) की गयी है।

ग. साहित्यिक विषयों के वे प्रश्नपत्र, जिनमें गद्यांशों या पद्यांशों की व्याख्याएं हैं, उनके लिये परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र में दिये गये पाँच अवतरणो में से किन्हीं तीन की व्याख्या करनी होती है, जिनके पूर्णांक 9X3=27 निर्धारित हैं। 12–12 अंकों (कुल 48) के शेष चार समीक्षात्मक प्रश्न पत्रों के सम्बन्ध में समिति द्वारा निम्नलिखित संस्तुति की गयी–

- तीन के बजाय दो व्याख्याए परीक्षार्थियों से करायी जायें और इसके लिये प्रायः सभी इकाइयों से प्रतिनिधित्व करते हुए चार अवतरण दिये जायें, प्रति प्रश्न अंक **9½** कुल अंक **19** (**9½×2=19**) निर्धारित रहेंगे।
- शेष चार व्याख्यात्मक प्रश्नों के अंक 12 के बजाय 14 निर्धारित कर दिये जायें तथा न्यूनतम शब्द संख्या **आठ सौ** (800) के बजाय **छः सौ** (600) कर दी जाये। इस प्रकार 14X4=56 अंक समीक्षात्मक प्रश्नों के लिये तथा 19 अंक व्याख्यात्मक प्रश्नों के लिये रहेंगे।

घ. विज्ञान एवं अन्य प्रयोगात्मक विषयों का प्रश्न पत्र **पचास** (50) पूर्णांक का होता है, इस प्रकार के प्रश्न पत्रों में पहले प्रश्न में **पाँच** (05) के स्थान पर **चार** (04) टिप्पणियां पूछी जायें जिसमें से किन्ही **दो** (02) के उत्तर लिखने के लिये निर्देशित किया जाये। जिनके प्रति टिप्पणी अंक **पाँच** (05), कुल 10 (**2×5=10**) अंक निर्धारित किये जायें व शब्द संख्या पूर्ववत् **सौ** (100) ही रखी जायें तथा शेष **चार** (04) प्रश्नो को यथावत् (**4×10=40**) रखा जाये किन्तु उनकी शब्द संख्या न्यूनतम **आठ सौ** (800) के बजाय **छः सौ** (600) की गई।

क्रमशः.....2

परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थ नगर–272202 (उ0प्र0) भारत
Siddharth University Kapilvastu,
Siddharth Nagar-272202 (U.P.) India
Email- coe@suksn.edu.in

3. माइनर विषय के प्रश्न पत्र का स्वरूप को यथावत अर्थात् बहुवैकल्पिक स्वरूप में ही रखा जाये।

4. माइनर प्रश्न पत्र के वैकल्पिक प्रश्न पत्रों (माइनर, को–करिकुलर आदि से सम्बन्धित) में 100 प्रश्नों के पूर्णांक 75 के स्थान पर 75 पूर्णांक के लिये 75 प्रश्न ही पूछा जाए, जिससे परीक्षार्थियों, परीक्षकों तथा परीक्षा विभाग सभी को सुविधा रहेगी और विश्वविद्यालय का कुछ व्यय–भार भी कम होगा।

समिति की उपरोक्त संस्तुति के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आगामी परीक्षा सत्र 2025–26 से लागू किया जाना है।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक– 5389 / सि0वि0वि0 / प0सा0 / 2026 दिनांक 14–01–2026

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त विभागाध्यक्ष / प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. वित्त अधिकारी / कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी / जनसम्पर्क अधिकारी,सि0वि0वि0क0,सि0
5. प्रभारी परीक्षा / कोडिंग सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
6. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक